AND SPORTS AND WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRIMATI MARGARET ALVA): No funds are allocated on year-wise basis to the various States for the development of Sports. However, under the schemes of Assistance for Development of Sports infrastructure, funds are sanctioned for specific project proposals received from State Governments and Sports Bodies. Details of funds sanctioned to State Governments during the last three years are given in the attached Statement. [*See* Appendix CLI, Annexure No. 116).

राष्ट्रीय राजमार्गों पर पुलों से गुजरने के लिए वाहनों पर कर का लगाया जाना

1835. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने पुलों से गुजरने के लिए विभिन्न प्रकार के वाहनों को कर देना पड़ता है, यदि हां, तो इसका औचित्य तथा कारण क्या हैं;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर बनाए जाने वाले पुलों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है, यदि हां, तो किन आधारों पर और क्या इन पर केन्द्रीय सरकार का कोई नियंत्रण है, यदि हां, तो किस प्रकार का;

(ग) क्या उन पुलों पर से गुजरते समय जिनका निर्माण केन्द्रीय सरकार की सहायता से किया गया है, वाहनों को किसी प्रकार का कर देना पड़ता है, यदि हां, तो ऐसे पुलों का राज्यवार ब्यौरा क्या है ; और

(घ) क्या उपर्युक्त कर के संबंध में केन्द्रीय सरकार ने कोई नीति निर्देश जारी किए हैं और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट): (क) राष्ट्रीय राजमार्ग (स्थायी पुलों के इस्तेमाल के लिए शुल्क नियम) 1978 के अधीन राष्ट्रीय राजमार्गों पर 1 अप्रैल, 1976 को अथवा उसके बाद बने और खोले गए स्थायी पुलों, जिनमें से प्रत्येक की लागत 25 लाख रु० से अधिक हो, का इस्तेमाल करने वाली गाड़ियों को नियमों में निर्धारित शुल्कों का भुगतान करना अपेक्षित होता है । डोसा राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए अतिरिक्त संसाधनों को जुटाने के लिए किया गया है ।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय राजमार्गों जिनमें पुल भी शामिल हैं, के विकास और रख-रखाव की जिम्मेदारी केन्द्रीय सरकार की है और इनके लिए उसके द्वारा ही धन दिया जाता है । अगस्त, 1988 की स्थिति के अनुसार जिन राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने पुलों पर शुल्क लिया जाता है, उनकी सूची संलग्न है (नीचे देखिये) ।

(घ) राज्यसंघ राज्य सरकारों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण नीति विषयक निर्देश सूचित किए जा चुके हैं :—

(क) शुल्क केवल सीमित अवधि के लिए ही लगाने होते हैं और उन्हें जैसे ही पुल की पूर्ण पूंजीगत लागत और उस पर पड़ने वाला ब्याज तथा उसके रख-रखाव और विशेष मरम्मतों पर होने वाला खर्च वसूल हो जाता है उस तारीख से उसकी वसूली बन्द कर दी जाती है।

(ख) दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता और मद्रास जैसे महानगरों में पुलों को शुल्क से छूट मिली हुई है ।

(ग) केन्द्रीय सरकार को राज्य सरकारों को राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में एकत्र की गयी चुंगी की राशि को अधिक से अधिक 12 प्रतिशत की राशि के बराबर संचयन प्रभारों की प्रतिपूर्ति करनी होती है।

(घ) शुल्क से हुई आय, संचयन प्रभारों को छोड़कर, जिसमें राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्रों को उस राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिये अनुज्ञेय है ।

विवरण

आंध्र प्रदेश

1. एन एच—5 पर कंडालेरू पुल ।
2. एन एच—5 पर विजयवाड़ा के समीप कृष्णा पुल ।
3. एन एच—5 पर शारदा पुल ।
4. एन एच—5 पर गोस्कारी पुल ।
5. एन एच—7 पर कादम पुल ।
6. एन एच—7 पर पेन्नूर पुल ।

असम

1. एन एच—31 पर गन्दाधार पुल ।

बिहार

1. एन एच—2 पर बुढ़ पुल ।
2. एन एच—32 पर तेलमुचु पुल ।
3. एन एच—30 पर कुदरा पुल ।
4. एन एच—30 पर कावो पुल ।
5. एन एच—30 पर बनास पुल ।
6. एन एच—2 पर सूरज कुंड ।

गोवा

1. एन एच—17 पर जुआरी पुल ।

गुजरात

1. एन एच—8 पर नर्मदा पुल ।
2. एन एच—8 पर तापी पुल ।

कर्नाटक

1. एन एच—4 पर पलार पुल ।
2. एन एच—17 पर काली पुल ।
3. एन एच—13 पर जीनाजीहल्ला पुल ।
4. एन एच—13 पर कृष्णा पुल ।
5. एन एच—13 पर मालाप्रभा पुल ।
6. एन एच—13 पर चेवेल पुरा नाला पुल
7. एन एच—13 पर मनिहाल पुल ।
8. एन एच—13 पर हुनगुन्दनाला पुल ।
9. एन एच—13 पर हीराहल्ला पुल ।
10. एन एच—13 पर बिचकानाला पुल ।
11. एन एच—13 पर दोन पुल ।

केरल

1. एन एच—16 पर बलियापट्टम पुल ।
2. एन एच—17 पर पूददोपोनानी पुल ।
3. एन एच—17 पर कोट्टापुरम पुल
4. एन ए —17 पर चेत्तुवाई पुल ।
5. कुम्बालाम—पानागाड पुल ।
6. कुम्बालाम—अरूर पुल ।
7. चम्पा—कारा पुल ।

मध्य प्रदेश

1. एन एच—3 पर अमर नाला ।
2. एन एच—3 पर जंगली नाला पुल ।
3. एन एच—3 पर निवाज पुल ।
4. एन एच—3 पर खालघाट पुल ।
5. एन एच—3 पर गोई पुल ।
6. एन एच—6 पर खारून पुल ।
7. एन एच—6 पर कोदर पुल ।
8. एन एच—7 पर सोलर पुल ।
9. एन एच—7 पर टोन्स महीर पुल ।
10. एन एच—12 पर हिरन पुल ।
11. एन एच—12 पर पंदोझीर पुल ।
12. एन एच—12 पर कलियासोथ पुल ।
13. एन एच—12 पर पार्वती पुल ।
14. एन एच—26 पर बिजोरा नाला पुल ।
15. एन एच—27 पर चाकघाट पुल ।
16. एन एच—43 पर मेटावादा पुल ।
17. एन एच—43 पर गोरिया बहार पुल ।
18. एन एच—43 पर मंडानमारा पुल ।

महाराष्ट्र

1. एन एच–6 पर गिरना पुल।

2. एन एच–3 और 4 कलवा-कशेली पुल।

उड़ीसा

1. एन एच–6 पर जीरा पुल।

2. एन एच–5 पर रूसिकुल्या पुल।

3. एन एच–42 पर मालतीजोरे पुल।

4. एन एच–43 पर केरान्दी पुल।

5. एन 5 और 42 को जोड़ने वाली लिंक रोड पर हाई लेवल नहर रांगे–I पर पुल।

6. एन एच–6 पर पठारगढ़ नाला के ऊपर पुल।

पंजाब

1. बीस नदी के ऊपर चक्की पुल।

राजस्थान

1. एन एच–3 पर चम्बल नदी के उपर पुल।

2. एन एच–12 पर बम्बाला नदी के ऊपर पुल।

3. धुन्द के ऊपर पुल।

4. डन्हा नाला के ऊपर पुल।

तमिलनाडु

1. एन एच–47 पर कावेरी पुल।

2. एन एच-7 पर कि.मी. 318/4 पर पुल।

3. एन एच–45 पर 312/8 पर पुल।

उत्तर प्रदेश

1. एन एच–25 पर कानपुर में गंगा पुल।

2. एन. एच–25 पर कालपी में यमुना पुल।

3. एन एच–2 पर इलाहाबाद में शास्त्री पुल।

4. एन एच–2 पर रिण्द नदी पर पुल।

5. एन एच–24 पर हिन्डन कट केनाल पुल।

6. एन एच–24 पर राज हेड़ा नाला पुल।

7. एन एच–24 पर नकटिया नाला पुल।

8. एन एच–24 पर सीतापुर में कटना पुल।

9. एन एच–26 पर पिसनट नदी पर पुल।

Construction and completion of Metro Rail in Calcutta

1836. PROF. SOURENDRA BHATTACHARJEE: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that construction and completion of Metro Rail in Calcutta has been lagging behind the schedule;

(b) whether the authorities are attempting to transfer some officers and engineers of the Metro Rail to MIP, Delhi;

(c) if so, what are the facts and details thereof; and

(d) what steps are being taken to complete the project at Calcutta without any further delay?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

(d) West Bengal Government is being pursued vigorously for the immediate